Attachement 2.3

# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

**परियोजना का नाम** ग्वालदम से केन्द्रीय विद्यालय तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.981 हे0 सिविल, कुल 0.981 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

आज दिनाँक 29/09/2018 को लोक निर्माण विभाग के द्वारा ग्वालदम से केन्द्रीय विद्यालय तक मोटर मार्ग हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री माखन लाल, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री विनोद कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक , प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री जितेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, श्री संतोष पंत, कनिष्ठ अभियन्ता अन्य दावेदारों की ओर से ग्राम प्रधान ग्वालदम तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्रीमती भावना रावत, जिला पंचायत सदस्य के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्ययता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 85 (मी0) नाप भूमि से, 1215 (मी0) सिविल भूमि से, वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.077 हे0 नाप भूमि, 0.981 हे0 सिविल, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 0.981 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 5 वृक्ष बांज, उतीस, स्तनियाली, चीड़ अंयार प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 1 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 2500 मी0 सिविल वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 2.020 हे0 सिविल, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 2.020 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 12 वृक्ष बांज, उतीस, स्तनियाली, चीड़ अंयार प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 3 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर प्रजाति के वन हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा वन पंचायत भूमि पर बांज, उतीस, काफल, पदम मेहल, फल्यांट प्रजाति के .वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन 0.20 है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान 79.33'17.14" 30°0'36.69" N है तथा यह स्थल ग्वालदम से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल केन्द्रीय विद्यालय है जिसका जी0पी0एस0 मान 79°33'23.65" 30°0'45.84" N है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के जी0पी0एस0 मान 79 33' 17.98" E 30°0'40.94" N हैं।

चयनित समरेखन में शून्य पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक होगा। चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है। चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा।

इस समरेखण पर उक्त परियोजना के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु किमी0 1 में स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका जी0पी0एस0 मान .................................... ............... .................................... हैं।

VINOD KUMAR
REVENUE SUB INSPECTOR
CIRCLE...Gwaldam
TEH.....Tharali......
DISTRICT- CHAMOLI

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
थराली, (चमोली)

(राजस्व विभाग प्रतिनिधि)

(वन विभाग प्रतिनिधि)

वन क्षेत्राधिकारी
मध्य पिण्डर वन क्षेत्र, थराली
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0
थराली (चमोली)

प्रति हस्ताक्षरित
जिलाधिकारी

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर
(चमोली)

प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी

अमीन
नि0 ख0 लो0 नि0 वि0
थराली (चमोली)

तहसीलदार
थराली

उपजिलाधिकारी
थराली